यह समिति परिसर में सभी खेल इवेंट का आयोजन करती है। यह अवसंरचना, संपत्ति सूची, स्पोर्ट वेयर और अन्य के संबंध में किसी भी खेल आवश्यकता के लिए प्रशासन के साथ समन्वय करती है। यह समिति खेल संपत्ति के प्रबंधन, इसे छात्रों और विजिटरों को जारी करने के लिए भी उत्तरदायी है। यह आईआईएमटी के भागीदारों में प्रेक्टिस के संबंध में सभी खेल कप्तानों के साथ भी समन्वय करती है। यह समिति परिसर में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कार्य करती है। इवेंटों का निर्णय छात्रों की रुचि के आधार पर किया जाता है।



खेल समिति ने शैक्षिक वर्ष, 2020-21 में कई इवेंटों का आयोजन किया। अधिकांश इवेंट ऑनलाइन तरीके से आयोजित किए गए परंतु छात्रों के कैंपस में वापस आने के साथ ही हमने छात्रों के लिए खेल परिसर को हमने पुनः खोल दिया है और कुछ इवेंट ऑफलाइन आयोजित किए गए हैं। इन इवेंटों के माध्यम से हमने छात्रों को स्वस्थ रहने और डिजिटल परिवेश से कुछ देर अवकाश लेने में प्रोत्साहित करने का प्रयास किया है। हमारे द्वारा आयोजित किए गए कुछ इवेंट नीचे दिए गए हैः

वर्चुअल 3के रन

आईआईएम तिरुचिरापल्ली की खेल समिति ने छात्रों को उनके घरों से ब्रेक फ्री वातावरण प्रदान करने और स्वयं को तरोताजा रखने में प्रोत्साहित करने के लिए 'वर्चुअल 3के रन' का संचालन किया। हमने दोनों बैचों की इन इवेंटों में उत्साही भागीदारी देखी।

आरंभ'20

खेल समिति ने आरंभ'20 का दिनांक 21 और 22 नवंबर, 2020 को आयोजन किया। हमने इस इवेंट में अत्यधिक भागीदारी देखी और सभी भागीदारों ने उत्कृष्ट भावना का प्रदर्शन किया। यह ऐसा प्रथम खेल इवेंट था जिसमें छात्रों को एक-दूसरे के साथ मेल-मिलाप का अवसर प्राप्त हुआ।

एफआईटी इंडिया मूवमेंट

आईआईएम तिरुचिरापल्ली ने खेल समिति के माध्यम से दिनांक 01.12.2020 से 19.12.2020 तक 'एफआईटी

इंडिया मूवमेंट डिजिटल कैंपेन' का आयोजन किया। फिट इंडिया मूवमेंट के भाग के रूप में दिनांक 29.12.2020 को साइक्लोथोन का आयोजन किया गया। छात्रों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों ने कोविड-19 सामाजिक दूरी के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए इसमें भाग लिया।

डिजिटल मीडिया कैंपेन

खेल समिति ने 1 दिसंबर, 2020 तक सामाजिक मीडिया हेंडल का प्रयोग करते हुए एक फिटनेस डिजिटल मीडिया कैंपेन आरंभ किया:

- आईआईएम तिरुचिरापल्ली के कुछ संकाय सदस्यों, छात्रों और कर्मचारियों ने फिटनेस गतिविधियों (उदाहरणः योग, दौड़, शारीरिक व्यायाम) करते हुए 15-20 सैकें का एक वीडियो भेजा।
- कुछ छात्रों और संकाय सदस्यों को आईआईएम तिरुचिरापल्ली में फिटनेस संस्कृति के बार में बोलने के लिए कहा गया।
- एक वीडियो के रूप में कुलाज वीडियो बाइट (45 मिनट) को फिटनेस के संवर्धन हेतु सभी डिजिटल मीडिया मंचों पर डाला गया।
- फिटनेस के बारे में जागरूकता फैलाने और प्रोत्साहित करने के लिए तीन पोस्टर बनाए गए।

खेलोत्सव

खेल समिति ने 26 फरवरी-28 फरवरी के बीच ध्रुव'21 के भाग के रूप में खेलोत्सव का आयोजन किया। सभी इवेंटों में भारत भर के कॉलेजों से अत्यधिक भागीदारी देखी गई। यह प्रतियोगिता भागीदारों के बीच काफी कड़ी रही।

इवेंट नामतः, शतरंज, लूडो, 8 बाल पोल, पोकर और वर्चुअल नीलामी आयोजित की गई जो 3 दिन तक चली। इस इवेंट में अपने कौशल को प्रदर्शित करने वाले और सही खेल भावना के साथ खेलने वाले 450+ उत्साही भागीदारों ने भाग लिया।

टीईडीएक्स समिति

इस समिति ने 20 फरवरी, 2021 को 'भय की शक्ति' विषय पर वर्चुअल तरीके से टीईडीएक्स आईआईएम त्रिची 2021 का आयोजन किया। छः वक्ताओं के विभिन्न सेट को आमंत्रित किया और उन्होंने इस विषय के संबंध में अपने अनुभव साझा किए और कहानियां सुनाई।

अंतर्राष्ट्रीय संबंध समिति

इस समिति का मुख्य उद्देश्य अधिक संस्थानों के साथ संबंध स्थापित करना

और मौजूदा संस्थानों के साथ संबंधों को मजबूत बनाना है जोकि आदान प्रदान के लिए आउटबाउंड छात्रों की संख्या में वृद्धि और अधिक प्रतिभागी संस्थानों को शामिल करते हुए प्राप्त किया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय संबंध छात्र समिति आउटरिच गतिविधियों का निष्पादन करते हुए अन्य प्रख्यात विश्वविद्यालयों के साथ छात्रों और संकाय सदस्यों के लिए सभी अंतर्राष्ट्रीय आदान-प्रदान कार्यक्रमों का प्रबंधन करती है ताकि हमारे भागीदार नेटवर्क में वृद्धि की जा सके। मुख्य गतिविधियों को निम्नलिखित में बांटा जा सकता हैः

1) छात्र आदान-प्रदान
   - क) इनबाउंड
   - ख) आउटबाउंड
   - ग) ग्रीष्म/शरत स्कूल
2) युवा प्रतिनिधिमंडल कार्यक्रम
3) अंतर्राष्ट्रीय सप्ताह

यह समिति इनबाउंड और आउटबाउंड दोनों के छात्रों के लिए आदान-प्रदान कार्यक्रमों को सुकर बनाती है। यह छात्रों को हमारे भागीदार विश्वविद्यालयों में एक सेमेस्टर विदेश में व्यतीत करने और अंतर्राष्ट्रीय अवसर प्राप्त करने में सहायता प्रदान करती है। इसी प्रकार यह इनबाउंड आदान-प्रदान जिसमें हमारे भागीदार विश्वविद्यालयों के छात्र आईआईएम तिरुचिरापल्ली में एक सेमेस्टर व्यतीत करते है, को भी सुकर बनाती है। टर्म आदान-प्रदान करने का साथ यह समिति ग्रीष्म/शरत स्कूलों का प्रबंधन करती है जो छात्रों को विशिष्ट लघु अवधि पाठ्यक्रमों का अध्ययन करने के लिए 1-2 सप्ताह की लघु अवधि हेतु हमारे भागीदार विश्वविद्यालयों की यात्रा करने की अनुमति प्रदान करती है।



यह समिति युवा प्रतिनिधिमंडल कार्यक्रम का संचालन करती है जिसे युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित किया गया है। यह कार्यक्रम लगभग 8-10 दिन तक चलता है। आईआर समिति सभी आवेदनों का संचालन करती है और यह सुनिश्चित करने के लिए समयबद्ध तरीके से आवेदनों को छांटने की प्रक्रिया का संचालन करती है कि इनका सुकर तरीके से निष्पादन हो सके।

अंतर्राष्ट्रीय सप्ताह हमारा प्रमुख संकाय आदान-प्रदान कार्यक्रम है जिसमें विश्वभर से ख्याति प्राप्त विश्वविद्यालयों से प्रख्यात संकाय सदस्य एक क्रेडिट इलेक्टिव पढ़ाने के लिए एक सप्ताह हेतु हमारे परिसर का दौरा करते है। आईआर टीम कार्यक्रम के सुकर संचालन सुनिश्चित करने हेतु छात्रों से संकाय सदस्यों तक समन्वय करते हुए अंतर्राष्ट्रीय सप्ताह से संबंधित सभी गतिविधियों का संचालन करती है।

एल्युमिनी समिति

आईआईएम त्रिची की एल्युमिनी समिति संस्थान की वृद्धि और समृद्धि के एिल हमारे परिवार की एकत्रित दृष्टि

में विश्वास रखती है। पूर्व छात्र समग्र रूप से संस्थान की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं ओर इसे जारी रखेंगे। यह समिति पूर्व छात्रों, वर्तमान छात्रों और संकाय सदस्यों के लिए ज्ञान को साझा करने, परस्पर जुड़ने और विकसित होने का एक मंच भी प्रदान करती है। इसके साथ ही, यह सहयोग में वृद्धि करती है और पूर्व छात्र नेटवर्क के लिए तंत्र की सहायता बनाए रखती है।

रियूनियन

प्रथम रियूनियन 5 दिसंबर, 2020 को आयोजित किया गया। यह इवेंट अत्यधिक सफल रहा जिसमें पीजीपीएम '13 और पीजीपीएम '14 के 40 पूर्व छात्रों ने भाग लिया। रियूनियन के दौरान आईआईएम तिरुचिरापल्ली के नए परिसर को दर्शाते हुए एक वीडियो दिखाया गया। आईआईएम तिरुचिरापल्ली में उनके समय के आधार पर एक प्रश्न मंच का भी आयोजन किया गया ताकि पूर्व छात्र वार्ता में भाग ले सके और उनको एक मंच प्रदान किया जा सके। तत्कालिक कार्यरत निदेशक, डॉ. गॉडविन टेनीसन तथा पूर्व छात्र अध्यक्ष, प्रोफेसर शिरीश कुमार गौड़ा द्वारा इवेंट का उद्घाटन और संबोधन किया गया। प्रोफेसर आयन चक्रवर्ती, प्रोफेसर गजानंद, प्रोफेसर नित्यानंद, प्रोफेसर सतीश एस. महेश्वरप्पा, प्रो. हरि श्रीकुमार, प्रो. विजया और प्रो. वीनू सीटी ने भी समारोह की भव्यता बढ़ाई।



आईक्यू फेस्ट 2021, चेन्नई एल्युमिनी चैप्टर, आईआईएम तिरुचिरापल्ली

आईक्यू फेस्ट - आईआईएमटी गुणवत्ता उत्सव उद्योग-संस्थान कनेक्ट का संवर्धन करने के लिए आईआईएमटी एल्युमिनी चेन्नई चेप्टर का प्रमुख इवेंट है। आईक्यू फेस्ट एक प्रबुद्ध गुणवत्ता प्रतियोगिता है जिसमें कारपोरेट जगत हाल ही में की गई अपनी गुणवत्ता सुधार परियोजनाओं का प्रदर्शन करते हैं जिसने उनके संगठन के लिए महत्वपूर्ण वास्तविक और अवास्तविक लाभ अर्जित किए हों।



आईक्यूफेस्ट दो स्तरों में आयोजित किया जाता है। प्रतियोगिता का पहला स्तर "एसोसिएट" श्रेणी के लिए होता है जिसमें मुख्य रूप से विनिर्माण क्षेत्र के कार्मिक प्रतिस्पर्धा करते हैं। दूसरा स्तर की प्रतियोगिता "एक्जीक्यूटिव" श्रेणी के लिए होती हैं जहां विनिर्माण और सेवा दोनों क्षेत्रों के प्रबंधन काडर प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रतियोगिता में भाग लेते हैं।

प्रतियोगिता के दूसरे सत्र में 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। पेंडेमिक के बावजूद आईआईएमटी एल्युमिनी चेन्नई चैप्टर ने 13 फरवरी, 2021 को वर्चुअल तरीके से आईक्यूफेस्ट 2021 आयोजित करने का निर्णय लिया और इस इवेंट में पिछले वर्ष के प्रतिभागियों से 36 प्रतिशत अधिक भागीदारी देखी गई।

आईक्यूफेस्ट का प्रयास चेन्नई में कारपोरेट जगत में आईआईएमटी ब्रांड को विख्यात बनाया जाना सुनिश्चित करना है और यह आने वाले दिनों में इसे करना जारी रखेगा।

इम्प्रेशन 2021

पहली बार वार्षिक एल्युमिनी बैठक, इम्प्रेशन का वर्चुअल तरीके से आयोजन किया गया। इस माध्यम से पीपीजीएम और पीजीपीबीएम के 50 एल्युमिनी को इस इवेंट में भाग लेने की अनुमति प्रदान की गई। इवेंट का उद्घाटन हमारे निदेशक, डॉ. पवन कुमार सिंह किया गया। बैठक में अपने भाषण के दौरान उन्होंने एल्युमिनी नेटवर्क को आगे बढ़ाने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि की। इसके लिए निदेशक ने त्रिची के बाहर एल्युमिनी सोसाइटी की स्थापना और एल्युमिनी शहर चैप्टर की स्थापना करने की घोषणा की। बैठक को एल्युमिनी अध्यक्ष, प्रो. शिरीश कुमार गौड़ा द्वारा भी संबोधित किया गया। उन्होंने निदेशक के विचारों की पुष्टि की और यह घोषित किया कि एल्युमिनी के लिए यंग एचीवर अवार्ड प्रदान किया जाएगा। इसकी प्रणाली और विवरण बाद में साझा किया जाएगा। इस बैठक में एल्युमिनी और संकाय सदस्यों को कारपोरेट जगत में और उनके जीवन में अनुभवों को साझा करने का एक समान मंच प्रदान किया और साथ ही एल्युमिनी के उनके बैचमेट से मिलने का अवसर प्रदान किया तथा संस्थान में उनके द्वारा बिताए गए क्षणों को भी ताजा करने का अवसर प्रदान किया।

सांस्कृतिक समिति



सांस्कृतिक समिति परिसर में विभिन्न सामाजिक-सांस्कृतिक इवेंटों के आयोजन और उनके निष्पादन के लिए जिम्मेदार हैं। सांस्कृतिक समिति आईआईएम त्रिची के प्रमुख प्रबंधन सांस्कृतिक उत्सव ध्रुव की योजना बनाने और उसका निष्पादन करने के लिए भी जिम्मेदार हैं।

संस्कृति

एक युद्ध लड़ा गया। निद्रारहित रात्रियों और कड़े शेड्यूल के बीच आईआईएम तिरूचिरापल्ली के छात्रों ने यह दर्शाने के लिए एक मंच पर एकत्रित हुए की यह वास्तव में अनुभागों के संघर्ष के स्थान पर मनोरंजन का संघर्ष था। सभी अनुभागों के प्रतिभागियों ने ऑनलाइन माध्यम से मुस्कुराते हुए यादगार तरीके से अपने नृत्य प्रस्तुत किए। यह ऐसा भव्य इवेंट था जिसमें छात्रों ने नृत्य, नाटक, गायन जैसे इवेंटों में अपने सर्वोत्तम प्रदर्शन प्रस्तुत किए; यह छात्रों के बीच सृजनात्मकता की सीमाओं को लांघने के प्रयास का संघर्ष था और अपने अनुभाग को सर्वोच्च स्थान दिलाने का संघर्ष था। अंत में संस्कृति 9.0 के लिए अनुभाग सी को विजेता घोषित किया गया।

क्रिसमस

आईआईएम तिरूचिरापल्ली के छात्रों ने ऑनलाइन तरीके से क्रिसमस मनाया। जबकि परिसर को रोशनी से

जगमगा कर दिया गया, इसमें छात्रों द्वारा क्रिसमस के सामान्य तौर पर गायन गाये जाने वाले संगीत का भाव रहा और उनके द्वारा पेड़ों को सजाने और कई अन्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित नहीं की जा सकी। फिर भी, क्रिसमस की भावना को देखते हुए सांस्कृतिक समिति ने क्रिसमस के लिए छात्रों ने कई प्रकार से विभिन्न खेलों और इंटरएक्टिव गतिविधियों का आयोजन किया।

पोंगल

पोंगल दक्षिण भारत, मुख्यतः तमिलनाडु का अत्यधिक लोकप्रिय फसल उत्सव होता है। पोंगल प्रत्येक वर्ष जनवरी के मध्य में आता है और इसमें उत्तरायन - सूर्य की उत्तर दिशा की ओर यात्रा का आरंभ होता है। आईआईएम तिरूचिरापल्ली ने छात्रों के लिए विशेष भोजन में "पोंगल" बनाते हुए पारंपरिक तरीके से पोंगल का आयोजन किया जिसे भोजनशाला समिति की सहायता से सांस्कृतिक समिति द्वारा प्रबंधित किया गया था।



बसंत पंचमी

आईआईएम तिरूचिरापल्ली ने अत्यधिक उत्साह और हर्ष के साथ बसंत पंचमी का आयोजन किया गया। बसंत पंचमी उत्सव हिन्दू माघ माह के पांचवें दिन (पंचमी) को आता है। इस उत्सव को भारत में बसंत के आरंभ होने के रूप में देखा जाता है। सांस्कृतिक समिति ने बसंत पंचमी के अवसर पर एक भोजन उत्सव का आयोजन किया।

ध्रुव '2021

ऑनलाइन इवेंट होने के बावजूद ध्रव 2021 के अंतर्गत 12 व्यापार इवेंट, 8 सांस्कृतिक इवेंटों का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख कॉलेजों के 10,000 से अधिक पंजीकरण प्राप्त हुए। ध्रुव का उद्घाटन श्री अरविंद डि सिल्वा, श्रीलंका क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान द्वारा किया गया। ध्रुव के अंतिम 3 दिनों में अंतिम पावरप्वाइंट प्रस्तुति के साथ अतिथि लेक्चर, पैनल विचार-विमर्श किए गए। सना हजारी, सोमदत्ता, इप्सिता दास और साक्षी तुलसियन जैसे प्रमुख सफल महिला उद्यमियों ने आईआईएम तिरूचिरापल्ली में उद्यमी वातावरण पैदा किया। यशराज मुखाटे, गजेन्द्र वर्मा, अपारशक्ति खुराना, सुमित आनंद, वानी भसीन और नवीन रिचर्ड के प्रो-नाइट प्रदर्शनों ने सभी को मनोरंजन एवं प्रेम से भर दिया।

भोजनशाला समिति

इसके अस्तित्व का एक मात्र उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आईआईएम त्रिची के समुदाय अच्छी गुणवत्ता वाला और स्वस्थ भोजन प्राप्त करें। वे भोजनशाला की उपयुक्त कार्यकरण को अभिशासित करते हैं और वेंडरों तथा छात्रों के बीच एक पूल का कार्य करते हैं। समिति हमेशा बेहतरी के प्रयास करती है; इस प्रकार यह कड़ी मूल्यांकन पद्धति द्वारा विभिन्न मापदंडों पर वेंडरों की जांच करने और उनकी वैद्यीकरण करने के लिए दिशा-

निर्देशों का पालन करती है और निरीक्षण करती है। समिति द्वारा किए गए कार्यकलाप नीचे दिए गए हैं:

क. आईआईएम समिति द्वारा भोजन शाला के कर्मचारियों के बीच छात्रावास कक्षों तक भोजन भेजने और प्लेटों के निपटान को देखने के लिए छात्रों की क्वारंटाइन अवधि के दौरान समन्वय किया।



ख. भोजनशाला वेंडर और प्रबंधक से परिसर में आने वाले छात्रों के नए बैच के लिए अतिरिक्त सामग्री तथा दावत के प्रबंधन हेतु मोलभाव किया।

ग. जनवरी से मासिक दावत का संचालन किया और साथ ही क्रिसमस एवं बसंत पंचमी के आयोजन हेतु सांस्कृतिक समिति के सहयोग से 2 और दावतों का आयोजन किया।

घ. क्यूआर कोड का प्रयोग करते हुए गूगल फॉर्म के माध्यम से शिकायतों का पंजीकरण आरंभ किया।

ङ. टर्म-VI में परिसर को छोड़ने वाले छात्रों के लिए भोजनशाला अग्रिम के लिए प्रतिदिन भुगतान के आधार पर भोजन शुलभ बनाया।

च. छात्रावास कार्यालय और प्रशासन की भोजनशाला के रसोइ और भोजन कक्ष में आवश्यक सफाई और सुधार प्रस्तुत किए ताकि ये परिवर्तन अगली टर्म के आरंभ होने से पहले पूरे कर लिए जाएं।

छ. निष्पादित अन्य नियमित कार्यों में निम्नलिखित शामिल हैं:

i. परिसर में उपस्थित छात्रों के विकल्प इकट्ठे करना और व्यंजन सूची तैयार करना।

ii. यह सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण करना कि अल्प गुणवत्ता और समाप्त अवधि की वस्तुओं का भोजन तैयार करने में उपयोग न किया जाए।

iii. छात्रों के हस्ताक्षर हेतु भोजन के बिल भेजे जाने से पहले उनकी समीक्षा की।

iv. प्रबंधक को छात्रों की शिकायतों और चिंताओं के संबंध में निरंतर फीडबैक प्रदान किया ताकि पकाये जाने वाली मदों में परिवर्तन किए जा सकें।

v. प्रशासन को उन मुद्दों के लिए शिकायतें अग्रेषित करना जिन्हें बारबार दिए गए फीडबैक के बावजूद संशोधित नहीं किया गया हो।

क्लब

कंसूलेट - रणनीति एवं कंसल्टिंग क्लब

कंसूलेट का उद्देश्य छात्रों, शिक्षाविदों और उद्योग जगत के बीच बुद्धिमता का आदान-प्रदान करने के लिए वातावरण तैयार करना और जीवंत परियोजनाओं, पैनल विचार-विमर्श, सेमीनार श्रृंखला, कार्यशाला, मामला प्रतियोगिता और रणनीति सिमुलेशन खेलों के माध्यम से कंसल्टिंग के क्षेत्र में रूचि तैयार करने का मंच प्रदान करना है। कंसूलेट क्लब द्वारा आयोजित इवेंट नीचे दिए गए हैं:

द पी.ई.ई.आर. - योजना, मूल्यांकन, निष्पादन, समीक्षा - लोगों में विनोद की खोज हेतु एक इवेंट

- **राउंड 1**: हाइड एंड सीक - प्रतियोगिता का यह एलीमिनेशन राउंड प्रतिभागियों की सटीकता और गति दोनों के माप हेतु विवरण का परीक्षण करता है।
- **राउंड 2:** कैटापल्ट - यह राउंड छात्रों के अधिगम अनुभव को गहन बनाने के लिए तैयार किया गया है जो भविष्य की मामला प्रतियोगिताओं के लिए उनकी तैयारी में सहायक होता है।

कंसल्टिंग जार्ज - ध्रुव (900$ पंजीकरण, आउटरिच - 80000 छात्र) - मुख्य मामला अध्ययन प्रतियोगिता



- **राउंड 1:** ऑनलाइन क्विज - पहला राउंड एक ऑनलाइन क्विज राउंड हैं जिसमें 2-3 सदस्यों की टीम भाग ले सकती है। कंसल्टिंग जार्ज प्रतिभागियों को क्विज राउंड के माध्यम से चुनौती देता है, उनकी वर्तमान व्यापार घटनाक्रमों, प्रबंधन रणनीति और सामान्य ज्ञान के क्षेत्रों में परीक्षण करता है।
- **राउंड 2:** मामला अध्ययनः अर्हक टीमों को एक कैसलेट भेजा गया। टीमों ने इस विषय पर अपनी संक्षिप्त प्रस्तुति प्रदान की (10 स्लाइड सीमा) कि वे मुद्दों और कैसलेट में उजागर की गई चिंताओं को कैसे हल कर सकते हैं।
- **राउंड 3**: मामला प्रस्तुति

  इस राउंड के लिए छांटी गई टीमों ने ग्रांड फिनाले के लिए निर्णायक मंडल के समक्ष अपने हल प्रस्तुत किए जिसे ऑनलाइन आयोजित किया गया था।

बिज स्टार्ज

व्यापार के साथ रणनीति का तालमेल बिठाना

ब्रांड अकसर वेलेटाइन डे का लाभ उठाते हैं और इस विषय पर नवाचारी विपणन विचारों के साथ आगे आते हैं। यहां उनके प्रदर्शन की आलोचना का आपको अवसर दिया जा रहा है!

इसमें टीम को एक ब्रांड की पहचान करनी होती है जो आगामी वी डे को देखते हुए अपनी बिक्री और मूल्य में सुधार करने के लिए सर्वोत्तम रणनीति तैयार करने वाला हो।

कोवेन ऑफ विजार्ड



हमने अनुभागों में सर्वोत्तम समस्या निवारक का पता लगाने के लिए पांच अनुभागों के बीच एक ऑनलाइन ट्रेजर हंट द कोवेन ऑफ विजार्ड का आयोजन किया। यह एक सामूहिक इवेंट था।

हिट अथवा फ्लॉप

यह इवेंट प्री-इंडक्शन इवेंटों के भाग के रूप में 2020-2022 के आगामी बैच के लिए आयोजित किया गया था। इस इवेंट का मुख्य फोकस छात्रों के बीच व्यापार निर्णयों को प्रभावित करने वाले मुख्य विचारधारा की समीक्षा करने हेतु उनकी रुचि का पता लगाना था।

क्लब द्वारा किए जाने वाले छात्र कार्यकलाप निम्नानुसार हैः

- छात्रों की प्रथम टर्म में पाठ्यक्रमों को समझने में सहायता प्रदान
- छात्रों की आईआईएम तिरूचिरापल्ली में परीक्षाओं के भय को दूर करने के लिए सहायता प्रदान करना एवं छात्रों की उन विभिन्न मॉडल को समझने में सहायता प्रदान करना जिसमें परीक्षाओं का आयोजन किया जाता है।



कार्यशाला

- कंसूलेट ने अम्ब्रेला जेनिक्स की भागीदारी से छात्रों को देश के सर्वोत्तम प्रतिभाओं से मामला हल तकनीकों को सीखने का अवसर प्रदान किया गया।
- प्रतिभागीः 180 छात्र

अतिथि लेक्चरः- लीडरशिप कनेक्ट

- हम द फ्यूचर ऑफ इंवेस्टिंग एंड डिजिटल प्लेटफॉर्म के संबंध में आईआईएम तिरूचिरापल्ली के छात्र समुदाय को संबोधित करने हेतु श्री वरुण श्रीधर, सीईओ पेटीएम मनी को आमंत्रित करते हुए गौरांवित हुए।
- हम द माइंड सेट ऑफ स्ट्रेटिजियस्ट - कैरियर इन मैनेजमेंट कंसल्टिंग विषय पर छात्र समुदाय को संबोधित करने के लिए श्री अनूप मजूमदार, सीईओ ट्रेरिटी कंसल्टिंग ग्रुप को आमंत्रित करते हुए गौरांवित हुए।

कंसूलेट टर्मिनल पोस्ट

- नियमित रूप से टर्मिनल में क्विक रीड्स पोस्ट की गई जो महत्वपूर्ण व्यापार पहलुओं को बताएंगी।
- गेस्टीमेट्स

  प्रथम वर्ष के 210$ छात्रों की भागीदारी के साथ वरिष्ठ टीम से जूनियर तक परीक्षाओं की तैयारी हेतु ट्रिक, टिप्स और विचार।

डोजियर तैयार करना

कंसल्टिंग और स्ट्रेटिजी डोजियर बैचमेट के साथ साझा किए गएः इसका फोकस छात्रों की व्यापार ढांचे को समझना और समेकित रूप से उपयोग का विश्लेषण करने में सहायता प्रदान करना है।



मेट्रिक्स क्लब - सूचना प्रणाली क्लब

मेट्रिक्स ऐसे इवेंटों और गतिविधियों पर कार्य करता है जिनका उद्देश्य छात्रों को प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवीनतम प्रवृत्ति और व्यापार तथा प्रबंधन पर उनके प्रभाव पर सूचित और अद्यतन बनाए रखना है।

6 डिग्री - ध्रुव

राउंड 1: 2 अथवा 3 की टीम प्रौद्योगिकी, विश्लेषण और सांख्यिकी के क्षेत्रों में पजल हल करने, केसलेट और अन्य आम जानकारी के प्रश्नों के संबंध में प्रतिस्पर्धा करते हैं।

राउंड 2: पहले राउंड से छांटी गई टीमों को एक मामला अध्ययन दिया जाता है। उन्हें एक डेशबोर्ड तैयार करना होता है जो उनकी समझ को उजागर करता है और एक पॉवरप्वाइंट प्रस्तुति भी तैयार करता है जो कि 10 स्लाइड तक सीमित होती है जिसमें उनकी व्याख्या, उनके द्वारा उपयोग की जाने वाली भविष्य की तकनीक और साथ ही मामला अध्ययन में उजागर की गई समस्या को हल करने के लिए तकनीक के परिणाम शामिल होते हैं।

राउंड 3: छांटी गई टीम विशेषज्ञों के पैनल के समक्ष अपने हल प्रस्तुत करेगी। ये प्रस्तुतियां ऑनलाइन आयोजित की जाएंगी।

डोजियर तैयार करना

प्रौद्योगिकी और विश्लेषण डोजियर तैयार किए जाएंगे और इन्हें छात्रों के साथ साझा किया जाएगा। वे उनकी उद्योग में आमतौर पर प्रयोग की जाने वाली विभिन्न प्रौद्योगिकियों और विश्लेषण को समझने और सीखने में सहायक होंगे।

हेनरी हारविन द्वारा सीपीबीए प्रमाणन कार्यशाला

छात्रों के पास पैथन सीखने और उसका प्रयोग करते हुए विश्लेषण कैसे करें, का अवसर प्राप्त था।

वीआरओ मेजबानी के साथ लाइ प्रोजेक्ट सहयोग

दूसरे वर्ष के छात्रों के साथ विपणन विश्लेषण इंसान के रूप में वीआरओ मेजबानी द्वारा एक लाइव प्रोजेक्ट में भाग लेने का अवसर प्राप्त था।

टेक्विज क्विजिंग चुनौती

छात्रों की विश्लेषण में कुछ समस्याओं के अलावा विश्लेषण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवीनतम घटनाक्रमों के बारे में जागरूकता का परीक्षण करने हेतु प्रश्न मंच।

क्विजी के सहयोग से नो कोड प्लेटफार्म संबंधी कार्यशाला

छात्रों के पास नो कोड प्लेटफार्म, एक उभरती हुई प्रौद्योगिकी जिसके साथ व्यापारी अपने संचालन में क्रांति ला सकते हैं, के पहलू और कार्यकरण के बारे में सीखने का अवसर प्राप्त था। क्विजी के एक्जीक्यूटिव और अनुदेशकों ने छात्रों को प्रायोगिक अनुभव प्रदान किया।

सिग्मा ईटीए के सहयोग से टेबलू कार्यशाला श्रृंखला

कंपनियों द्वारा बृहत रूप से प्रयुक्त एक विजुलाइजेशन टेबलू संबंधी प्रशिक्षण कार्यशाला। इससे छात्रों ने यह सीखा कि विभिन्न विजुलाइजेशन कैसे निष्पादित की जाए और टूल के भीतर कोड कैसे डाले जाएं।

विश्लेषण डोजियर

बैच की विश्लेषण के विभिन्न पहलुओं में समझ प्रदान करने में सहायता हेतु विश्लेषण डोजियर तैयार किया गया।

अर्थनीति - अर्थव्यवस्था और सार्वजनिक नीति क्लब

यह क्लब आईआईएम त्रिची के छात्रों में अर्थव्यवस्था और सार्वजनिक नीति का संवर्धन करने और अन्य कॉलेजों के छात्रों की उनकी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने में सहायता प्रदान करने के लिए इवेंटों और गतिविधियों का आयोजन करता है ताकि वे हमारे लिए अधिगम अवसर के रूप में कार्य कर सके। यह छात्रों की उनके शैक्षिक पाठ्यक्रमों और रूचि में सहायता प्रदान करता है ताकि न केवल वे अर्थव्यवस्था और सार्वजनिक नीति के व्यापार पहलुओं को सीखे अपितु उन्हें समझें। क्लब द्वारा आयोजित किए गए इवेंट नीचे दिए गए हैं:

बजट पश्चात् पैनल विचार-विमर्श

फिनवेस्ट के साथ अर्थनीति ने, आईआईएम तिरूचिरालपल्ली के छात्रों को सशक्त बनाने के लिए उनके संबंधित क्षेत्रों में कुछ प्रख्यात व्यक्तियों के साथ बजट पश्चात् पैलन विचार-विमर्श आयोजित किया। इस पैनल में श्री शोभित माथुर, सुश्री दीपिका जयकिशन, सुश्री आस्था गुडवानी शामिल थें।

इकोस्टेशी - ध्रुव

राउंड 1 - क्विज

सार्वजनिक नीति, वर्तमान घटनाक्रमों, राजनीति और व्यापार से संबंधित प्रश्न मंच। यह एक एलीमिनेशन राउंड था जिसमें 30 टीमों को छांटने में सहायता प्रदान की।

राउंड 2ए - मामला अध्ययन राउंड

चुनी गई टीमों को एक मामला दिया जाएगा और वे राजनीतिक परामर्शदाता के रूप में विचार रखेंगे। इस मामले में तथ्यों (जैसे कि भूगोल, जनसंख्या इत्यादि) संबंधी मामलें और स्थानीय समुदाय के समक्ष आने वाली कठिनाइयों (सड़क, स्कूल, अस्पताल ढांचा, विधि और व्यवस्था, नौकरियां) के साथ मामलें शामिल होंगे। निगम/एमएलए के चुनाव में इस क्षेत्र से खड़ा होने वाला उम्मीदवार, उसकी ओर से चुनाव के लिए घोषणा-पत्र जैसे लिखता है, वह बजट को वितरित करने की क्या योजना बनाता है जिसे उसने अपने जिले/निगम के लिए प्राप्त किया हो और उस स्थान के लिए उसका दीर्घावधि दृष्टिकोण क्या है।

राउंड 2बी - वर्चुअल अंतिम प्रस्तुति

छांटी गई सर्वोत्तम 10 टीमें 26 फरवरी, 2021 (सांय 12:00 बजे - सांय 04:00 बजे) को निर्णायक मंडल के लिए अपने राजनीतिक घोषणा-पत्र प्रस्तुत करेंगी।

लित्रिची क्लब



आईआईएम त्रिची का साहित्य क्लब लित्रिची छात्रों में सीखने में प्रवृत्ति में तेजी लाने के लिए इवेंटों की मेजबानी साहित्य और बौद्धिक सिमुलेशन की मेजबानी करता है। प्रश्न मंच, पुस्तक पठन, बाद-विवाद और अन्य इवेंट इस एजेंडें को आगे रखने में सहायक होती हैं और छात्रों के कौशल को निखारने में सहायता प्रदान करती है। क्लब द्वारा निम्नलिखित गतिविधियां संचालित की गईः

एमयूज बोच - आईआईएम तिरूचिरापल्ली का प्रमुख व्यापार क्विज

प्रबंधन संभावनाओं में व्यापार रूचि जगाने के लिए ध्रुव 21 के भाग के रूप में एमयूज बोच का संचालन किया गया।

यह इवेंट दो चरणों में बांटा गया थाः

राउंड 1: प्रतिभागियों ने ट्रेजर हंट में डेयर2कंपीट के संबंध में एक प्रश्न मंच में भाग लिया।

राउंड 2: राष्ट्र भर की शैक्षिक संस्थाओं से छः प्रतिभागियों के साथ जूम पर अंतिम राउंड आयोजित किया गया।



अवंत-ग्रेड - एक साहित्यिक मनोरंजन उत्सव

छात्रों में कल्पना के आयोजन हेतु एक सृजनात्मक साहित्यिक इवेंट के रूप में ध्रुव 21 के भाग के रूप में अवंत-ग्रेड का आयोजन किया गया।

इस इवेंट को 2 चरणों में बांटा गया थाः

राउंड 1: प्रतिभागियों ने डी2सी के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए। ये विचार कविता, वाक्य अथवा फिक्सन इत्यादि के रूप में थे। प्रतिभागी अपनी रुचि के अनुसार कोई भी विषय चुनने के लिए स्वतंत्र थे।

राउंड 2: जूम में एक लाइव इवेंट जिसमें इम्प्रोंपटू कहानी लेखन, शीर्षक लेखन का 3 राउंड में संचालन किया गया जिसमें 8 टीमें अंतिम स्थान पर आईं।

दैनिक इंस्टाग्राम क्विज

दिसंबर से मार्च तक हर रोज समय-समय पर इंस्टाग्राम पर लघु क्विज पोस्ट किए गए जिन्होंने छात्रों की व्यापार, सामान्य जागरूकता, खेल, पश्चिम संस्कृति इत्यादि के विभिन्न क्षेत्रों पर छात्रों के ज्ञान का परीक्षण किया।



राष्ट्रीय शिक्षा दिवस - राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर प्रश्न मंच

भारतीय प्रबंधन संस्थान, तिरूचिरापल्ली के साहित्य और प्रश्न मंच क्लब लित्रिची ने वर्चुअल तरीके से "राष्ट्रीय शिक्षा दिवस" का आयोजन किया जो "मौलाना अबुल कलाम आजाद" स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री की जन्म जंयती का आयोजन करने के लिए आयोजित किया गया था। इस इवेंट में बैचों की बड़ी भागीदारी देखी गई। इस इवेंट में छात्रों को परस्पर इकट्ठा किया और एक अनुकूल तथा मिल-मिलाप का वातावरण तैयार किया। युवा प्रबंधन संभावनाओं में जूम बैठक के जरिए इसमें भाग लिया और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 संबंधी प्रश्न मंच में उत्साहपूर्वक भाग लिया जिसे कहूट के माध्यम से आयोजि किया गया था। इस इवेंट ने छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना को जगाया चूंकि वे हाल ही की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जो भारत की नई शिक्षा नीति पर दृष्टिकोण प्रदान करती है और 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति को प्रतिस्थापित करती

है, कि जानकारी को एक-दूसरे के साथ बांटा। इस इवेंट ने न केवल छात्रों की नई नीति के बारे में जागरूकता का परीक्षण किया बल्कि उन्हें विभिन्न विशेषताओं के बारे में जानकारी भी प्रदान की।

नवरात्रि - दुर्गा पूजा आयोजन

प्रतिभागियों को महिला सशक्तिकरण के बारे में अपने विचार रखने और बुराई पर अच्छाई की जीत का आयोजन करने हेतु दुर्गा पूजा की संध्या पर एक कविता लेखन इवेंट का आयोजन किया गया। प्राप्त प्रविष्टियों में से सर्वोत्तम प्रवृष्टि का चुनाव किया गया और इसे लित्रिची के अधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर दर्शाया गया।

सिग्मा ईटीए क्लब - संचालन क्लब



इस क्लब का दृष्टिकोण संचालन उत्साही छात्रों का निर्माण करना और उन्हें संचालन के क्षेत्र में उत्कृष्टता हेतु एक मंच प्रदान करना और "शेयरिंग द्वारा अधिगम" के लक्ष्य को बनाए रखते हुए उनकी कौशल को प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करना था। हमने, उद्योग-शैक्षिक अंतर को कम करने के लिए कार्यशालाओं, सिमुलेशन खेलों, राष्ट्र-स्तरीय प्रतियोगिताओं, समाचार-पत्रों और अन्य गतिविधियों द्वारा इस लक्ष्य को हासिल किया। शैक्षिक वर्ष 2020-21 के दौरान सिग्मा ईटीए द्वारा आयोजित इवेंटों की सूची निम्नानुसार हैं:

क्विजेन

राष्ट्र स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता जिसमें दो राउंड शामिल थे, का 04 मई, 2020 को आयोजन किया गया।

राउंड 1: पहला ऑनलाइन क्विज सामान्य जानकारी और मात्रात्मक तकनीक पर आधारित होगा।

राउंड 2: दूसरा ऑनलाइन क्विज संचालन प्रबंधन और आपूर्ति श्रृंखला पर आधारित होगा।

ओप्सटाक|ईपी.1

इवेंट की तारीखः 26.08.2020

"आपूर्ति श्रृंखला विश्लेषण और उससे जुड़े कैरियर" विषय पर अतिथि लेक्चर



अतिथि का नामः एलविस लजारस, सीईओ, हेसोल कंसल्टिंगः संभारतंत्र एवं आपूर्ति श्रृंखला।

सेल फोन सिमुलेशन गेम

इवेंट की तारीखः 07.09.2020

एक सिमुलेशन गेम जिसमें प्रतिभागियों ने निर्माताओं से सेलफोन खरीदे और उन्हें उनके खुदरा स्टोर में बेचा। इसका उद्देश्य संपत्ति सूची लागत, परिवहन लागत, अंडर

स्टॉकिंग और ओवर स्टॉकिंग को न्यूनतम करना था। यह सिमुलेशन गेम ईओक्यू मॉडल और न्यूजवेंडर मॉडल पर आधारित था।

लीन सिक्स सिग्मा ग्रीन बेल्ट प्रमाणन

इवेंट की तारीखः 28.09.2020

केबीएमजी के सहयोग से सिग्मा ईटीए ने लीन सिक्स सिग्मा ग्रीन बेल्ट प्रमाणन का आयोजन किया।



ओप्स टाक|ईपी.2

इवेंट की तारीखः 18.10.2020

आईएससीईए (अंतर्राष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला शिक्षा संबद्धन) के सहयोग से "औषधीय आपूर्ति श्रृंखला कैसे कार्य करती है और इस क्षेत्र में नवीनतम बाधाएं क्या हैं" संबंधी विषय पर अतिथि लेक्चर।

वक्ताः श्री प्रभाकर एम एन, एजीएम, हेल्थकेयर एमबीबी, टीसीएस

गेम ऑफ विट्स

इवेंट की तारीखः 27.10.2020

अनुभागों को संघर्ष जिसमें प्रत्येक अनुभाग के 15 सदस्यों को बांटा गया और दिखाई गई इस वीडियो के आधार पर क्रासवर्ड, प्रश्न इत्यादि जैसे ऑनलाइन संचालित विषयों में खेल खेलें।

एएससीएम

इवेंट की तारीखः 31.10.2020

आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन संघ द्वारा आयोजित राष्ट्र स्तरीय मामला अध्ययन प्रतियोगिता।



ऑपरेशन डोजियर

इवेंट की तारीखः 25.11.2020

छात्रों की संचालन प्रबंधन के मौलिक विषयों, संपत्ति सूची प्रबंधन, लीन टूल इत्यादि के मौलिक विषयों के साथ संचालन एवं आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के लिए तैयार में सहायता प्रदान की।

केसटाइम्स

इवेंट की तारीखः 30.11.2020

आईआईएम तिरूचिरापल्ली के छात्रों के लिए एक गेस्टीमेट और मामाला अध्ययन प्रतियोगिता दो राउंड आयोजित की गईः

राउंड 1: गेस्टीमेट (एलीमिनेशन राउंड)
राउंड 2: मिनी मामला अध्ययन



टेबलू कार्यशाला

इवेंट की तारीखः 06.12.2020

छात्रों को डेशबोर्ड तैयार करते हुए टेबलू के साथ कार्य करने का प्रायोगिक अनुभव प्रदान करने और इस डाटा विजुएलाइजेशन हेतु प्रयोग करने के लिए मेट्रिक्स के साथ संयुक्त रूप से दो कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

न्यूजलेटर-ओप्सटाइम्स

इवेंट की तारीखः 02.01.2020

मेंटरों के नोट, लेख, इंटर्नशिप वार्ता, पहले आयोजित किए गए सिग्मा ईटीए इवेंटों के विवरण और ऑपरेशन तथा आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन से संबंधित प्रश्न मंचों और पजल के एक मनोरंजक खंड को शामिल करते हुए 2021 का पहला अंक।

डब्ल्यूएटी-पीआई किट

इवेंट की तारीखः 06.01.2021

छात्रों को आऑपरेशन प्रबंधन के मौलिक पहलुओं तथा विषय का सामान्य परिचय शामिल करते हुए डब्ल्यूएटी-पीआई प्रक्रिया के लिए भाग लेने के छात्रों को डोजियर प्रदान किया गया।

ओप्सटाल्क|ईपी.3

इवेंट की तारीखः 09.01.2021

'4पी और इसकी उभरती हुई प्रवृत्तियों को समझना' विषय पर अतिथि लेक्चर का आयोजन किया गया। वक्ता श्री कार्तिकेयन रामूर्ति (निदेशक - अमेदस लैब्स)



ओप्सवाइज 9.0 (प्रमुख प्रतियोगिता) - ध्रुव 800$ पंजीकरण

इवेंट की तारीखः 17.12.2021 से 28.02.2021

राउंड 1: ऑनलाइन क्विज

यह डियर टू कंपीट (डी2सी) प्लेटफार्म पर ऑनलाइन संचालित आपूर्ति श्रृंखला और ऑपरेशन क्षेत्र में मूल तथ्य आधारित और तकनीकी प्रश्नों का सम्मिश्रण था।

राउंड 2: मामला अध्ययन

अर्हक टीमों एक ऑपरेशन मामला अध्ययन तैयार किया गया जिसका उन्हें विश्लेषण करना था और भविष्य

के मूल्यांकन के लिए अपने हल बताते हुए एक प्रस्तुति प्रस्तुत करनी थी।

राउंड 3: व्यापार सिमुलेशन

इसमें टीमों को सोडा पॉप व्यापार सिमुलेशन गेम खेलना अपेक्षित तथा और तत्पश्चात् उन्हें उनकी रैंकिंग के अनुसार प्वाइंट दिए गए।

राउंड 4: मामला प्रस्तुति

सर्वोच्च 6 टीमों को हमारे निर्णायकों श्री एलविस लजारज (सीईओ हेसोल कंसल्टिंग) और प्रो. अलोक कुमार सिंह (ऑपरेशन संकाय, आईआईएम तिरूचिरापल्ली) के समक्ष अपनी मामला हल प्रस्तुत करने थे।

पैनल विचार-विमर्श

इवेंट की तारीखः 28.02.2021

कोविड-19 के पश्चात् युग में आपूर्ति श्रृंखला के भविष्य के संबंध में विषय आधारित पैनल विचार-विमर्श। अतिथि वक्ता थेः

i) अकील आशिक, सीईओ और निदेशक, ड्राइवर लोजिस्टिक
ii) पूजा मुखर्जी, आपूर्ति श्रृंखला प्रमुख, लोजीटेक

सोडा पॉप सिमुलेशन गेम

इवेंट की तारीखः 06.03.2021

सिमुलेशन गेम जहां प्रतिभागियों को चुनौतियों का अनुभव करते हुए और विभिन्न आपूर्ति/मांग मिश्रण पर आधारित प्रतिस्पर्धी निर्णयों तक पहुंचना सीखते हुए एक विनिर्माण संयंत्र का प्रबंधन करना था।

मोलभाव सिमुलेशन गेम

इवेंट की तारीखः 18.03.2021

सिमुलेशन गेम जहां प्रतिभागियों को कैसे तालमेल करें और खेल के माध्यम से परस्पर लाभ कैसे प्राप्त करें के संबंध में समझौता तैयार करने के लिए निर्णय लेना था। प्रतिभागियों को ग्राइफाइंडर, सिलिथरिन और रेविनक्ला में बांटा गया जिन्हें एक स्थिर समझौता करने के लिए एक-दूसरे के विरुद्ध प्रतिस्पर्धा करनी थी।

सीओओ ऑफ द ईयर

इवेंट की तारीखः 18.03.2021

समूचे शैक्षिक वर्ष के दौरान आयोजित ऑपरेशन से संबंधित इवेंटों के उनके

आधार पर प्रथम स्थान धारक को 'सीओओ ऑफ द ईयर' शीर्षक प्रदान किया गया।

रंगमंच क्लब - कला क्लब

आईआईएम त्रिची का कला क्लब रंगमंच छात्र समुदाय ने छुपी हुई प्रतिभा को उजागर करने में सहायता प्रदान करता है और उन्हें उनकी प्रतिभा दर्शाने का अवसर प्रदान करता है। इस कल्ब ने अंतरा-कॉलेज सांस्कृतिक इवेंटों में भाग लेने के लिए नुक्कड़ नाटक, वर्ष के अंत से ध्रुव में सांस्कृतिक इवेंटों में यादगार क्षण प्रदान करते हुए फोटो जैसे विभिन्न इवेंटों का आयोजन करता है जो छात्रों को उनके पाठ्यक्रम कार्य से परिवर्तन प्रदान करता है और आईआईएम त्रिची में कई अन्य यादगार पल बिताने में सहायक होता है।

एटम नाइट 1.0

गेम नाइट, फोटोग्राफी, रील मेकिंग और फेशन इवेंटों का आयोजन किया गया। "विंटर इज कमिंग" विषय पर फोटोग्राफी आयोजित की गई और छात्रों को फेशन इवेंट के लिए "फोज अप फॉर वोग" विषय दिए गए।

ध्रुव

- नृत्य, संगीत, कला और ड्रामा के कुल 8 इवेंट संचालित किए गए। इन इवेंटों में शामिल हैं:
- कुल विषय आधारित स्वतंत्रता/प्रेम/स्वतंत्रता इत्यादि के साथ दो राउंड ने एकल गायन, अंतिम राउंड में चुनौती।
- कुल विषय आधारित (स्वतंत्रता/प्रेम/स्वतंत्रता इत्यादि) के साथ दो राउंड ने समूह गायन, अंतिम राउंड में चुनौती।
- अंतिम राउंड में हमारी टीम द्वारा पहले से तैयार किए गए ट्रेक के साथ दो राउंड के एकल नृत्य।
- समूह नृत्य - किसी भी नृत्य कला और ट्रेक को चुनने की स्वतंत्रता।



- लघु फिल्म निर्माण - जिसमें परिस्थिति के पश्चात् दर्शकों की उम्मीदों के अनुसार एक लघु फिल्म बनानी थी जबकि लॉकडाउन घोषित किया गया था।
- "रिक्रिएट द मैजिक" विषय पर कला प्रतियोगिता।
- हास्य, थ्रिलर, महिला सशक्तिकरण इत्यादि जैसे विषयों पर मोनो-एक्ट।
- कहानी सुनाना जिसमें प्रतिभागियों को एक ऐसी कहानी पूरी करनी थी जिसके लिए संदर्भ पहले से ही दिया गया था।

एटम नाइट 2.0

गेम नाइट, फोटोग्राफी और कला इवेंटों का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों द्वारा कला इवेंट के लिए "सनसेट" और "डिजाइनर बुकमार्क" विषय पर फोटोग्राफी आयोजित की गई।

आईआईएमटी आईडोल

यह हमारे प्रमुख इवेंटों में से जिसमें जूनियर बैच के छात्र आईडोल टेग प्राप्त करने के लिए एक गायन प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करते हैं। सीनियर बैच के विजेता भी जूनियर का यादगार प्रदर्शन प्रस्तुत करते हुए स्वागत करते हैं। इस इवेंट के निर्णायक प्रो. यामिनी थी।

एलक्जीर क्लब - सामाजिक जिम्मेदारी क्लब

छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना पैदा करते हुए और ऐसी गतिविधियों का आयोजन करते हुए जो इस प्रक्रिया में सहायक होंगी तथा सामाजिक मुद्दों को बारे में जागरूकता का समावेश करने और ऐसी दीर्घावधि स्वतः सतत कार्यक्रम बनाने हुए जिससे समाज के स्तर में सुधार करना जारी रहेगा, के माध्यम से त्रिची में सामाजिक मुद्दों को हल करने के लक्ष्य से गठित क्लब।

सोशल मीडिया पर कोविड-19 के लिए लॉकडाउन के दौरान जागरूकता (11-14 अप्रैल, 2020)

मानसिक स्वास्थ्य और तनाव के प्रबंधन, हमारे फ्रंट लाइनर को सहायता प्रदान करने, रोकथाम के उपायों, ऐसी प्रक्रिया जिन्हें लोगों को अप्रत्याशित समय के दौरान अपनानी चाहिए के विषयों के संबंध में सोशल मीडिया पर जागरूकता संबंधी पोस्ट डाली गईं।

आह्वाहन - अन्य आईआईएम के सीएसआर क्लबों के साथ सहयोग

विभिन्न आईआईएम के सीएसआर क्लबों के सदस्य नील घोष, रोबिन हुड आर्मी के संस्थापक से के दौरान जबकि देश कोविड के कारण समस्याओं का सामना कर रहा था, में अपनी भूमिका को समझने के लिए एकत्रित हुए। यह वेबीनार ऑनलाइन आयोजित किया गया और अत्यंत सूचनात्मक एवं इंटरएक्टिव सत्र रहा।

आईआईएमटी4पीपल - युअर काइंडनेस कुल हेल्प!

टीम एलेक्जीर ने बंचित लोगों के लिए निधियां एकत्रित करने हेतु समूचे आईआईएम समुदाय के लिए एक अभियान आरंभ किया। संस्थान की ओर से एलेक्जीर ने रेनीसेंस, विशेष बच्चों के लिए स्कूल और करुणै करङ्गल, वृद्धा आश्रम को कठिन समय में उनकी सहायता करने के लिए निधियां दान की। हमने पेंडेमिक में सहायता करने वाले सभी संगठनों की सूची तैयार की और उसकी जांच की। इसकी समाप्ति के पश्चात्

निम्नानुसार निधियां वितरित की गईः

हमने नीचे दिए गए पहलुओं की मेरिट और आवश्यकता के अनुसार निधियां वितरित कीः

1. करुणई कारंगल वृद्धा आश्रम
2. नो चाइल्ड स्लीप्स हंगरी (2019-21 बैच के प्रियांक अमीन द्वारा एक पहल)
3. बरास्ट सेवालय (2019-21 बैच के सिद्धार्थ शाह द्वारा स्थापित एनजीओ)
4. डोनेटकार्टः20 किलो चावल

प्रन्यास फाउंडेशन के साथ सहयोग

8 आईआईएम, 7 आईआईटी, 2 बीआईटीएस, एसजीएसआईटीएस, पीआईएमजी, श्री वेंकटेश्वरा, डी. के प्रन्यास और सामाजिक क्लबों द्वारा एकमत प्रयास।

समूचे भारत में डॉक्टरों की सुरक्षा!

लिंकः https://milaap.org/fundraisers/support-pranyas-development-foundation?utm_source=whatsapp&utm_medium=fundraisers-title

पर्यावरण दिवस (06/06/2020)

विश्व पर्यावरण दिवस पर एलेक्जीर ने लोगों द्वारा अपने स्वयं के छोटे हरित स्थान आरंभ करने में सहायता करने के लिए कुछ डीआईवाई जो उनके घर में एक आरामदायक स्थान प्रदान कर सकें। दस छात्रों ने चित्र साझा किए और उनके हरे स्थान के बारे में तथा उसके महत्व के बारे में लघु लेख लिखें। इस पहल का उद्देश्य लोगों को उनकी दैनिक जीवन में प्रकृति कुछ आभा का समावेश करना है।

भोजन चुनौती (06/12/2020)

भोजन चुनौती भोजन को बेकार होने से बचाने और उसके बारे में जागरूकता का प्रसार करने के लिए एक अन्नय इंस्टाग्राम चुनौती के माध्यम से फूड वेस्टेज को रोकने की एलेक्जीर द्वारा एक पहल है। आईआईएम तिरूचिरापल्ली के छात्रों ने भोजन पूर्व एवं उसके पश्चात् की तस्वीरें पोस्ट करते हुए इसमें सत्य रूप से भाग लिया। यह चुनौती न केवल सोशल मीडिया तक ही सीमित थी परंतु हमने यह पाया कि लोगों ने अन्य व्यक्तियों को भी कम भोजन वेस्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया। यह एक माह का दीर्घावधि अभियान था जिसमें छात्रों ने तस्वीरें पोस्ट की और इस चुनौती को पूरा करने के लिए 5 अन्य लोगों को इसके साथ टैग किया।

प्रन्यास के साथ सहयोग - हेल्पिंग हैंड्स पहल

एलेक्जीर ने एनजीओ, प्रन्यास डेवलपमेंट फाउंडेशन जो समूचे भारत में अल्प बंचित बच्चों की शिक्षा के प्रावधानों के प्रति कार्य करती हैं, के साथ कार्य किया। एलेक्जीर ने प्रन्यास होपी मॉडल के साथ एक दान अभियान आयोजित किया। प्रत्येक दानदाता ने प्रति माह 100 रुपए की छोटी राशि दान करते हुए एक बच्चे की शिक्षा को प्रायोजित किया। एलेक्जीर ने समूचे आईआईएमटी सुदा से 120+ दानदाता एकत्रित किए और उन्होंने ऐसे अनिश्चित समय में भी सामूहिक रूप से 12 बच्चों की शिक्षा प्रायोजित की।

गो ग्रीन दीवाली (20/11/2020)

एलेक्जीर ने कुलकोम के सहयोग से आईआईएम तिरूचिरापल्ली के परिवर्तनकारों को यह साझा करने का अनुरोध किया कि इस दीवाली को अपने नजदीकी व्यक्तियों के लिए हरित बनाते हुए भिन्न तरीके से कैसे मनाएं। हमारे परिवर्तन कारकों के लिए दीवाली हरित तरीके से भिन्न रूप में मनाने के लिए प्रवृष्टियां प्राप्त हुईं। इसका उद्देश्य अपने नजदीकी व्यक्तियों के लिए दीवाली को कैसे हरित बनाए, का संवर्धन करना था जिसमें लगभग 450+ लोगों ने इस विचार को आगे बढ़ाया।

हैपी वीक (27/12/2020 - 10/01/2021)

एलेक्जीर ने हमारे मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखते हुए खुशियां फैलाने के लक्ष्य के साथ 27 दिसंबर से 10 जनवरी तक हैली वीक का आयोजन किया। हैपी वीक में निम्नलिखित गतिविधियां शामिल थीः-

बिंगो चैलेंज- हमने ऐसी विभिन्न गतिविधियों के साथ एक बिंगो पोस्टर तैयार किया जिन्हें किसी व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में लाभदायक माना जाता है। इसमें प्रतिभागियों को ऐसी गतिविधियां संचालित करने को कहा गया जिन्हें वे करते हैं और अपने मित्रों को भी इस चुनौती में टैग करने को कहा गया।

कल्पना बनाम तथ्य- हमने मानसिक स्वास्थ्य के बारे में वार्ता करते हुए आमतौर पर प्रयोग किए जाने वाले कई वाक्यों को भी साझा किया और लोगों को यह पता लगाने के लिए कहा कि क्या वे कल्पना है अथवा तथ्य हैं। हमने यह व्याख्या प्रदान की कि यह सही है अथवा नहीं और इसके कारण क्या है।

हैपीनेस वीडियो- हमने छात्रों को यह पूछा कि उनके घर और कैंपस में उन्हें क्या चीज खुशी देती है। यह एक फील-गुल वीडियो बनाने से संबंधित था जिसका लिंक नीचे दिया गया है।

लिंक- https://www.instagram.com/tv/CJn8R3CF5RV/?igshid=1n53updc4v5mq

युअरदोस्त के साथ सहयोग- एलेक्जीर ने युअरदोस्त, एक ऑनलाइन परामर्श सेवा जिसका उद्देश्य तनाव कम करना और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करना है, के साथ तनाव के बारे में कुछ अनौपचारिक पोस्टर साझा करने के लिए सहयोग किया। इसमें ऐसे चिन्ह शामिल थे कि कोई व्यक्ति तनाव से ग्रस्त है और तनावग्रस्त व्यक्ति को क्या कहना चाहिए और क्या नहीं कहना चाहिए।

दान उत्सव (31/12/2020)

एलेक्जीर - आईआईएम तिरूचिरापल्ली के सामाजिक जिम्मेदारी क्लब ने दान उत्सव (जॉय ऑफ गिविंग वीक) हेतु धन उगाहने के लिए मार्ट (मर्चेन्डाइजिंग एंड रिटेल टीम) के साथ सहयोग किया। कैंपस में सुरक्षा, हाउसकीपिंग और भोजनशाला के कर्मचारियों को हमारे आभार व्यक्त करने के लिए और समूचे आईआईएमटी समुदाय की ओर से वर्ष 2021 के लिए एक सकारात्मक पहल आरंभ करने के लिए मिठाइयों के डिब्बे (106 सदस्य) वितरित किए गए। दान उत्सव (जॉय ऑफ गिविंग वीक) अभियान के अगले चरण के रूप में हमने रेनीसेंस मलारची स्पेशन स्कूल, त्रिची को छत के पंखे दान किए। मलारची में उनकी देखरेख में लगभग 75 बच्चें हैं।

युक्ति - मामला अध्ययन प्रतियोगिता

एलेक्जीर ने आईआईएम तिरूचिरापल्ली के प्रमुख व्यापार और सांस्कृतिक उत्सव, ध्रुव के दौरान एक मामला अध्ययन प्रतियोगिता आयोजित की। इस प्रतियोगिता में लगभग 900 पंजीकरण प्राप्त हुए और अंतिम प्रस्तुति राउंड वर्चुअल रूप से आयोजित किया गया।

अभिव्यक्ति - लेख लेखन प्रतियोगिता

ध्रुव के भाग के रूप में एलेक्जीर ने एक लेख लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में 200 से अधिक प्रतिभागी थे जिन्हें "अनाथलयों, आश्रमों और दीर्घा आश्रमों में गाली गलौज और अनदेखी करना" विषय पर लेख लिखने के लिए कहा गया।

डॉ. माया महाजन द्वारा अतिथि लेक्चर (26/02/2021)

डॉ. माया महाजन, एक पर्यावरणविद और अमृता विश्व विद्यापाठी में प्रोफेसर ने "हम एक मृत प्लानेट पर कार्य नहीं कर सकते" विषय पर एक अतिथि लेक्चर प्रदान किया गया। यह लेक्चर वर्चुअल तरीके से संचालित किया गया और इसमें 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

सोल एंड सीड-वृक्षारोपण अभियान (26/02/2021)

एलेक्जीर ने टीम ध्रुव के सहयोग से उत्सव के पहले दिन वृक्षारोपड़ अभियान का आयोजन किया। छात्रों और

संकाय सदस्यों द्वारा भारतीय जीव विज्ञान सर्वेक्षण द्वारा आपूर्त किए गए 200 से अधिक पौधों का रोपड़ किया जिसमें पहले पौधे का रोपड़ संस्थान के निदेशक डॉ. पवन कुमार सिंह द्वारा किया गया।

बैचमेट के लिए निधियां उगाहना (06/02/2021)

एलेक्जीर ने पीजीपी 2020-2022 के एक छात्र जो गुल्लियन-बारे सिंड्रोम (जीबीएस) से ग्रसित था, की सहायता हेतु मिलाप पर एक निधियां उगाहने का अभियान चलाया। एकत्रित की गई निधियों को सीधे छात्र को उसके चिकित्सा व्यय के भाग के रूप में अंतरित किया गया। मिलाप के लिए 5,092 रुपए काटने के पश्चात् लाभार्थी को कुल 2,35,560 रूपए और $299.76 अंतरित किए गए।

वृद्धावस्था दान (जारी)

एलेक्जीर 5 दरी और 8 तकिएं करुणई कारंगल वृद्धा आश्रम के लिए इकट्ठा करने और दान करने की प्रक्रिया में है। यह दान प्रक्रिया मार्च 2021 के अंत से पहले पूरी हो जाने की संभावना है।

वस्त्र दान अभियान (जारी)

एलेक्जीर ने संकाय सद्स्यों, कर्मचारियों और छात्रों से दान के लिए कपड़े और खिलौने एकत्रित किए। इन्हें त्रिची में रेनीसेंस मलाचरची स्पेशल स्कूल, द वाल ऑफ हैपीनेस, त्रिची और करुणई कारंगल वृद्धा आश्रम को भेजा जाएगा।

परसोना - एचआर एवं ओबी क्लब

इस क्लब में आईआईएम त्रिची के छात्रों, विशेषकर एचआर उत्साहियों में रुचि जगाने के लिए इवेंट और गतिविधियां आयोजित की जाती हैं तथा यह छात्रों को उनके लिए तथा क्लब सदस्यों के लिए उनकी प्रतिभाओं को उजागर करने और अधिगम के अवसर प्रदान करने के लिए पूर देश के छात्रों को मंच प्रदान करता है।

लिंकेडिन प्रोफाइल विकास कार्यशाला

इस कौशल विकास सत्र का आयोजन प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए किया गया था ताकि उन्हें वर्तमान घटनाक्रम के बारे में लिंकेडिन के महत्व को बताया जा सके और इस बात से अवगत कराया जा सके कि नेटवर्किंग उनके कैरियर के मार्ग में कैसे सहायका हो सकती है।

सॉफ्टवेयर कार्यशाला 1 और 2

यह कौशल विकास कार्यशाला आईआईएम-टी के छात्रों के लिए आयोजित की गई। इसके प्रशिक्षक एक बाह्य प्रशिक्षक नामतः श्री मोहम्मद युसुफ थे।

एचआर प्रमाणन

एनएचआरडीएन द्वारा कर्मचारी संबंध - यह प्रमाणन राष्ट्रीय मानव संबंध विकास नेटवर्क, त्रिची द्वारा आरंभ

किए गया था। श्री इनबराज (टीसीएस के एचआर प्रमुख) जैसे सर्वोच्च एचआर उद्योग विशेषज्ञों के अतिरिक्त इसमें आईआईएम त्रिची के प्रोफेसर उपम पुष्पक मखेचा भी शामिल थे।

सक्षमता मैपिंग - इसे एचआर डोमेन के लिए कौशल विकास के भाग के रूप में आयोजित किया गया था। यह प्रमाणन एपीजी अधिगम के ट्रेनर श्री जितेन्द्र संधु एजीजी लर्निंग द्वारा संचालित किया गया था

निष्पादन प्रबंधन (पीईएम) कार्यशाला

हमने आईआईएम-टी के दूसरे वर्ष के लिए पीईएम कार्यशाला का आयोजन किया। इसे प्रो. विजया वी द्वारा आयोजित किया गया था।

एचआर डोजियर

पीजीपीएम प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों लिए पीजीपीएम-एचआर बैच के छात्रों के साथ ग्रीष्म इंटर्नशिप प्रक्रिया और अंतिम प्लेसमेंट के लिए एक विशेष एचआर डोजियर जारी किया गया।



एचआररूकी

अब तक कुल 3 दौर संचालित किए गए। पहला दौर क्विज था जिसमें एचआर क्षेत्र नॉलेज की जांच की गयी। दूसरा दौर क्रासवर्ड पजल था जिसमें छात्रों को क्रासवर्ड हल और पूरा करना था। साथ ही तीसरा दौर एचआर आईडेशन और इंस्टाग्राम पर इसे डालना था।

लाइव प्रोजेक्ट

"मेडटूअर इजी" और "यूमेडिक" जैसी फर्मों के बैच के लिए लाइव प्रोजेक्ट चलाए गए। हमने अगले शैक्षिक सत्र के लिए चालू की जाने वाली लाइव प्रोजेक्ट हेतु "अनयूजुअल हायर" के साथ भी सहयोग किया।

द एचआर लीडनशिप श्रंखला-मार्गदर्शन

हमने प्रख्यात एचआर लीडर्स से 2 अतिथि लेकचर आयोजित किए। एक श्री उमंथ कुमार, फाइजर में वरिष्ठ एचआर पार्टनर हैं और दूसरे अरनेस्ट एंड यंग के निदेशक श्री महालिंगम माली हैं।

एचआररिजोल्व

ध्रुव के भाग के रूप में हमने नेशनल मामला अध्ययन प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह ध्रुव'20 के दौरान परसोना कलब द्वारा आयोजित दो-दौर का राउंड है। पहला चरण एक ऑनलाईन क्विज और दूसरा एक मामला अध्ययन इवेंट होता है। आईओसीएल निदेशक प्रतिभागी टीमों के निष्पादन पर निगाह रखने के लिए आईओसीएल के श्री अभिषेक और आईआईएम-त्रिची के प्रो. सजीत प्रधान के साथ अधिकारिक जज थे। टीमों

से एक प्रभावी हल का विशलेषण करने और उसे प्रस्तुत करने की आशा की जाती है।

एचआर पीयर ग्रुप

हमने आईआईएम-टी के सभी एचआर उत्साही के लिए वाट्सअप ग्रुप बनाया। उसमें हम विषय-विशिष्ट ज्ञान लेखों के अतिरिक्त उद्योग में नियमित रूप से पोस्ट डालते हैं।

लिंकेडिन पोस्ट

हम हमारे अधिकारिक लिंकेडिन हैंडल पर एचआर से संबंधित विषय विशिष्ट लेख भी पोस्ट करते हैं।

फिनवेस्ट कलब

फिनवेस्ट का दृष्टिकोण फिनवेस्ट के प्रमुख सदस्यों और छात्रों पर्याप्त मंच प्रदान करना है ताकि वे वित और निवेश के बारे में सीख सकें, प्रतियोगिताओं में उत्कृष्टता हासिल कर सकें और एक सच्च वित परिसर का निर्माण कर सकें। कलब द्वारा आयोजित इवेंट नीचे दिए गए है।

बिड2विन

बिड2विन एक नीलामी थी जिसे आईआईएम तिरूचिरापल्ली में आयोजित किया गया था। यह एक अंतरा कॉलेज इवेंटा था और इसमें छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। यह पहला इवेंट था जिसे फिनवेस्ट के लिए चुने जाने के पश्चात आयोजित किया गया था। इस इवेंट में 2 चरण थे। पहला एक क्विज था जिसे हमने डी2सी पर आयोजित किया। इसमें वित से संबंधित 30 प्रश्न थे। इन प्रश्नों ने छात्रों की व्यापार इवेंटों और कुछ साक्षात्कार प्रश्नों के सामान्य वित पहलुओं का परीक्षण किया। कुल मिलाकर बिड के अंतिम दौर के लिए 10 टीमों को चुना गया। प्रत्येक टीम में 10 प्रतिभागी थे।

फिनस्क्राइब

फिनस्क्राइब दिनांक 22 नवंबर 2020 और 7 दिसंबर 2020 के बीच डी2सी वेबसाईट में फिनवेस्ट द्वारा आयोजित लेख लेखन प्रतियोगिता थी। यह एक अंतर-कॉलेज इवेंट था और स्नातकोत्तर और अवरस्नातक दोनों छात्रों के लिए खुली थी। इस इवेंट में कवल एक चरण था। डी2सी में पंजीकरण के पश्चात, प्रतिभागियों को डी2सी वेबसाईट पर अपने लेख अपलोड करने के लिए 15 दिन का समय दिया गया। लेखों से संगत इवेंटों से संबंधित होने की अपेक्षा की गयी थी और उनमें अनिवार्य रूप से वित्तीय विशलेषण और विषय पर लेखकों के मत शामिल होने चाहिएं। विजेता को 2000 रूपए का नगद पुरस्कार दिया गया और फाइनालिटक्स के साथ एक जीवंत प्रोजेक्ट दिया गया। द्वितीय स्थान पाने वाले को 1000 रूपए का नगद पुरस्कार दिया गया।

फ्यूजन मेस्टर

आईआईएम तिरूचिरापल्ली के सांस्कृतिक एवं प्रबंधन उत्सव ध्रुव के भाग के रूप में एक इक्विटी शोध

प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। अपने शोध को देखते हुए बी-स्कूलों से टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा करें और "द फाइनेंस मेस्टर" के रूप में मान्यता प्राप्त करने के लिए संघर्ष के लिए तैयार हो जाएं। इस इवेंट में 3 चरण थेः पहला डी2सी पर एक वित क्विज था। दूसरा इक्विटी शोध प्रस्तुती था। प्रस्तुतियों में से निर्णायकों के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के लिए सर्वोच्च 5 टीमों को चुना गया। विजेताओं को 12000 रूपए का नगद पुरस्कार दिया गया और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों ने 8000 रूपए का नगद पुरस्कार दिया गया।

वित्तीय कार्यशाला

